प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना



---

01. राज्य सरकार ने कहा– अपराधी यदि पुलिस पर जानलेवा हमला करते है तो उन्हें गोली मार दिया जायेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश।

02. राज्य में पुलिसकर्मियों पर बढ़ते हमले और गिरती कानून व्यवस्था को लेकर विपक्षी सदस्यों ने विधानमंडल में किया जमकर हंगामा।

03. ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा– दस जनवरी से शुरू प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के सर्वेक्षण में अब तक अड़तीस लाख अट्ठानवे हजार से अधिक लोगों का नाम जोड़ा गया।

04. और, रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– रेलवे ने पिछले दस वर्षों में पांच लाख नौकरियां प्रदान की हैं।

---

राज्य सरकार ने कहा है कि अपराधी यदि पुलिस पर जानलेवा हमला करते है तो उन्हें गोली मार दिया जायेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस महानिदेशक और राज्य के मुख्य सचिव के साथ समीक्षा बैठक की। श्री कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अपराधी चाहे जो भी हो उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नही जाये। बैठक के बाद अपर पुलिस महानिदेशक विधि व्यवस्था पंकज दराद ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि पुलिस हमलावर अपराधियों को गोली से ही जबाव देगी।

–––बाइट–––

इधर, एडीजी मुख्यालय कुंदन कृष्णन ने दोहराया कि हमलावर अपराधी को किसी भी कीमत पर नही छोड़ा जायेगा।

–––बाइट–––

---

इधर, पुलिस मुख्यालय ने कहा है कि होली के दौरान पुलिस पर हमले की बारह घटनाएं हुई हैं जिसमें दो एएसआई शहीद हो गए, जबकि सत्ताईस पुलिसकर्मी घायल हो गए। अपर महानिदेशक पंकज कुमार दाराद ने बताया कि अररिया, मुंगेर, पटना समस्तीपुर और जहानाबाद में पिछले कुछ दिनों में पुलिसबल पर हमले की दस घटनाएं हुई हैं।

---

मुंगेर पुलिस ने जिले के खड़गपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत फसियाबाद गांव में पुलिस टीम पर पथराव के मामले में चौबीस लोगों को गिरफ्तार किया है। इस घटना में डायल एक सौ बारह के दो पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

---

भोजपुर के बरहरा थाना क्षेत्र के सेमरा गांव में होली के दिन दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प के दौरान दो लोगों की हत्या के मामले में दो पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। जांच में पुलिस अवर निरीक्षक बृजबिहारी राय और अरूण कुमार यादव की लापरवाही उजागर हुई थी।

---

विधानमंडल में आज पुलिसकर्मियों पर बढ़ते हमले और राज्य में गिरती विधि व्यवस्था को लेकर विपक्षी सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। कार्यवाही शुरू होते ही राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस और माले के सदस्यों ने इस मुद्‌दे को हंगमा करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। हंगामे के कारण प्रश्न काल की कार्यवाही बाधित हो गई। विपक्षी सदस्य पिछले दिनों राज्य में दो पुलिस कर्मियों की हत्या और कई स्थानों पर पुलिस पर हमले को लेकर सरकार से जवाब मांग रहे थे। राष्ट्रीय जनता दल के सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने इस मुद्दे को उठाया। अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने इस मुद्दे को उपयुक्त माध्यम से उठाने का आग्रह किया। अध्यक्ष के समझाने के बाद विपक्षी सदस्य अपनी—अपनी सीटों पर चले गए। इसके बाद प्रश्नकाल सुचारू रूप से चला।

———————————————————————————

इधर, विधान परिषद मे भी विधि व्यवस्था के सवाल पर विपक्षी सदस्यों ने सदन के बाहर और अंदर जोरदार हंगामा किया। विधान परिषद मे नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने पिछले दिनों राज्य में पुलिसकर्मियों की हत्या पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि सुशासन की सरकार अपराध पर लगाम लगाने में नाकाम है।

———बाइट———

वहीं, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि राज्य सरकार अपराधियों के सामने घुटने टेक चुकी है। विधानसभा परिसर में संवाददाताओं से बातचीत में श्री यादव ने अपराध के आकड़े गिनाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपराधियों के सामने नतमस्तक हैं।

———बाइट———

———————————————————————————

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कानून व्यवस्था के प्रश्न पर विपक्ष के हंगामे को नौटंकी बताया है। श्री सिन्हा ने कहा कि राज्य में बोली की नही विकास की राजनीति की जानी चाहिए। उन्होंने विपक्ष को एक भी अपराधिक छवि के व्यक्ति को चुनाव में टिकट नही देने की चुनौती भी दी है।

———बाइट———

———————————————————————————

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने राज्य में पुलिसकर्मियों पर हमले की घटनाओं की निंदा की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपराधियों से निपटने में सक्षम हैं और वे किसी भी कीमत पर बख्शे नही जायेंगे।

———बाइट———

———————————————————————————

विधानसभा में आज बीपीएससी की सत्तरवीं राज्य सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा में कथित प्रश्न पत्र लीक होने का मामला उठा। कांग्रेस के अजित शर्मा ने इस

संबंध में कार्य स्थगन प्रस्ताव लाया था जिसे अध्यक्ष ने अस्वीकृत कर दिया। कांग्रेस विधायकने शून्यकाल के पहले इस मुद्दे को उठाया।

---

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि दस जनवरी से शुरू प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के सर्वेक्षण में अब तक अड़तीस लाख अट्ठानवे हजार से अधिक लोगों का नाम जोड़ा गया। ग्रामीण विकास विभाग के बजट पर चर्चा का उत्तर देते हुए श्री कुमार ने कहा कि सर्वेक्षण के दस दिन बचे है और किसी भी गरीब को इस योजना का लाभ लेने से वंचित नही किया जायेगा।

---

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज कहा कि सरकार ने रेल बुनियादी ढांचे में सुधार और यात्रियों को आरामदायक और सस्ती यात्रा प्रदान करने के लिए कई कदम उठाए हैं। श्री वैष्णव ने रेल मंत्रालय के कामकाज पर राज्यसभा में चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि रेलवे ने पिछले दस वर्षों में पांच लाख नौकरियां प्रदान की हैं।

———बाइट———

श्री वैष्णव ने कहा कि रेल दुर्घटनाओं को कम करने पर भी लगातार ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि 2020 से यात्री किराए में वृद्धि नहीं की गई है।

———बाइट———

---

वक्फ संशोधन विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने कहा है कि यह विधेयक गरीब मुसलमानों के पक्ष में है। वक्फ संशोधन विधेयक पर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के विरोध पर श्री पाल ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से कहा कि सदन में 428 पृष्ठों की रिपोर्ट पेश की गई है और वक्फ बोर्ड की बेहतरी के लिए संशोधन किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने मुस्लिम संगठनों और अन्य हितधारकों के साथ परामर्श करने के लिए विधेयक को एक संयुक्त संसदीय समिति को भेजा है ताकि एक निष्पक्ष और संतुलित कानून बनाया जा सके।

---

राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकतर भागों में तेज धूप के कारण दिन के तापमान में वृद्धि दर्ज की जा रही है। इस दौरान विभिन्न जिलों में अधिकतम तापमान चौंतीस से छत्तीस डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान मधुबनी, भागलपुर, गया, औरंगाबाद समेत विभिन्न स्थानों पर हल्की वर्षा दर्ज की गई। मधुबनी में सबसे अधिक उन्नीस दशमलव पाँच मिलीमीटर वर्षा हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्वी भागों के कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। जबकि अन्य स्थानों पर मौसम शुष्क रहेगा और तापमान में औसत एक से दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि का क्रम जारी रहने का पूर्वानुमान है।

———बाइट———

---

बैडमिंटन असोसिएशन ऑफ इंडिया ने अमरीश कुमार को लेवल वन का कोच बनाया है। समस्तीपुर के रहने वाले अमरीश बिहार के पहले बैडमिंटन खिलाड़ी है जिन्हें यह कार्यभार मिला है। समस्तीपुर जिला बैडमिंटन संघ के सचिव तरूण कुमार ने यह जानकारी देते हुए अमरीश कुमार को सफल भविष्य की शुभकामना दी है।

---

पश्चिम चंपारण जिले के रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत त्रिवेणी नगर में नदी में नहाने के दौरान एक किशोर की डुब कर मौत हो गई।

---

पूर्णियां प्रक्षेत्र के डीआईजी पी.के मंडल ने अपराध नियंत्रण के लिए क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों और कर्मियों के साथ अररिया में बैठक की।

---

शिवहर के पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार सिन्हा ने पंचायत स्तर पर जनता दरबार के आयोजन की तिथि को लेकर विस्तृत कार्यक्रम जारी किया है। जनता दरबार के दौरान पुलिस अधिकारी उपस्थित होकर लोगों की समस्याओं को हल करेंगे।

---

कैमूर जिले का स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया जा रहा है। इसके तहत आज से तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत हुई। जिलाधिकारी सावन कुमार और पुलिस अधीक्षक हरिमोहन शुक्ला ने लिच्छवी भवन में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

---

01. राज्य सरकार ने कहा– अपराधी यदि पुलिस पर जानलेवा हमला करते है तो उन्हें गोली मार दिया जायेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश।

02. राज्य में पुलिसकर्मियों पर बढ़ते हमले और गिरती कानून व्यवस्था को लेकर विपक्षी सदस्यों ने विधानमंडल में किया जमकर हंगामा।

03. ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा– दस जनवरी से शुरू प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के सर्वेक्षण में अब तक अड़तीस लाख अट्ठानवे हजार से अधिक लोगों का नाम जोड़ा गया।

04. और, रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– रेलवे ने पिछले दस वर्षों में पांच लाख नौकरियां प्रदान की हैं।

---

समाप्त